# Chapter 2 Segment 3
# Indian and American Life :Movie

“भारतीय और अमरीकी जीवन”

**<u>Activity 1:</u> Watch and Listen**
**<u>Instruction:</u>** Listen to the following dialogues of Madan Ji and fill in the blanks with appropriate missing words.
**YouTube video:** https://www.youtube.com/watch?v=5i7pJoXIxkQ
**<u>Time:</u>** 3:37 till 4:44

मदन: मैंने जान डियर में १९७० से २००० तक, तीस साल ----------- । उसके बाद मैंने ---------------- ले लिया । रिटायरमेंट के बाद, पहले तो सोचा नहीं था कि --------------- । फिर थोड़े दिन बाद सोचना -------------- कि आइवा में तो इतना ठंडा होता है तो ------------------ जाने का सोचा जाये । तब हमने सोचना ---------------, थोड़ा इनकवायर, ------------- किया और हमें ऐसा लगा कि नार्थ केरोलाइना अच्छी जगह है । यहाँ कुछ लोगों को जानते भी थे हम लोग ---------------------- और हम लोगों ने यहाँ ----------------- किया । यहाँ पर आये ----------------, देखा और अच्छा लगा । २००२ में हम लोगों ने फिर यहाँ पर आकर मकान ------------------ और खरीद करके यहाँ पर मूव हो गये । २००२ से अब दस साल हो गये जून में नार्थ केरोलाइना में । हमें यह जगह बहुत -------------। यहाँ पर जैसे मीर --------- बता रही थी कि यहाँ भारतीय एक्टिविटि, संस्कृति की एक्टिविटि जो है, कार्यक्रम ------------------ बहुत । उससे हमें बहुत आराम हो गया है, जिससे कि हमलोग मिस करते भी थे आइवा में, मिस ---------- नहीं करते थे आइवा में । दूसरा है कि जहाँ नौकरी है उसकी इंपारटेंस सबसे ----------------- है । लेकिन तब जो मिस ------------------- वह अब मिस नहीं करते हैं ।

**<u>Activity 2:</u> Use of Hindi Fragments**

**<u>Instruction:</u>** Read the following paragraph loudly and then listen to the audio file of Hindi fragments used in the paragraph. Write the meanings in English and create your own Hindi sentences below.

मदन: मैंने जान डियर में १९७० से २००० तक, तीस साल काम किया। उसके बाद मैंने रिटायरमेंट ले लिया। रिटायरमेंट के बाद, पहले तो सोचा नहीं था कि जाने के बारे में। फिर थोड़े दिन बाद सोचना शुरू किया कि आइवा में तो इतना ठंडा होता है तो कहीं ओर जाने का सोचा जाये। तब हमने सोचना शुरू किया, थोड़ा इनक्वायर, गूगल किया और हमें ऐसा लगा कि नार्थ केरोलाइना अच्छी जगह है। यहाँ कुछ लोगों को जानते भी थे हम लोग पहले से और हम लोगों ने यहाँ एक्सप्लोर किया। यहाँ पर आये घूमा-फिरा, देखा और अच्छा लगा। २००२ में हम लोगों ने फिर यहाँ पर आकर मकान ले लिया और खरीद करके यहाँ पर मूव हो गये। २००२ से अब दस साल हो गये जून में नार्थ केरोलाइना में। हमें यह जगह बहुत पसंद आयी। यहाँ पर जैसे मीर थोड़ी देर पहले बता रही थी कि यहाँ भारतीय एक्टिविटि, संस्कृति की एक्टिविटि जो है, कार्यक्रम चलते रहते हैं बहुत। उससे हमें बहुत आराम हो गया है, जिससे कि हमलोग मिस करते भी थे आइवा में, मिस ख़ास नहीं करते थे आइवा में। दूसरा है कि जहाँ नौकरी है उसकी इंपारटेंस सबसे ज़यादा होती है। लेकिन तब जो मिस करते भी थे वह अब मिस नहीं करते हैं।

## Hindi Fragments



| Hindi | English Meaning and Sentences |
|---|---|
| छोटा हिन्दुस्तान | |
| वही संस्कृति | |
| वही परम्परा | |
| कैसा लग रहा है | |
| कैसे आना हुआ | |
| जान डियर | |
| तीस साल | |
| काम किया | |
| रिटायर्मेंट ले लिया | |
| घूमा-फिरा | |
| ख़ास नहीं | |
| सबसे ज़्यादा | |

**<u>Activity 3:</u> Comprehensive Question-Answer**

**<u>Instructions:</u>** Listen to the following comprehensive questions and give the answers from the reading passage above.



| |
|---|
| १- मदन जी ने आइवा में कब से कब तक काम किया था और कहाँ ? |
| २- मदन जी ने रिटायर्मेंट के बाद की स्थिति के बारे में कैसे विचार व्यक्त किया था ? |
| ३- मदन जी ने आइवा छोड़ने का कारण क्या बताया है ? |

| |
|---|
| |
| ४- उन लोगों ने नार्थ केरोलाइना को ही क्यों चुना ? |
| ५- ठंडा प्रदेश होने के बावजूद मदन जी ने रिटायर्मेंट से पहले आइवा नहीं छोड़ा। इस पर उन्होंने क्या कहा था ? |
| ६- मदन जी अब नार्थ केरोलाइना में कितने सालों से रह रहे हैं ? |

**Activity 4: Watch and Listen**
**Instruction:** Listen to Meera ji's dialogues about her life in Iowa and sub vocalizes it. Vocabulary list is given below with English meanings.

YouTube video: https://www.youtube.com/watch?v=5i7pJoXIxkQ

**Time:** 4:45 till 5:49

| |
|---|
| मीरा: बीच में इतना लम्बा आइवा में रहकर के गैप हो गया था हमारा, हमारे अपने भारतीय कल्चर का, इतना लम्बा कि कौन कौन से बड़े-बड़े अभिनेता और अभिनेत्रियाँ आयी, अपने को नाम तक नहीं पता और लोग कहते हैं, "अरे आप इनको नहीं जानते ? वह माधुरी दीक्षित।" हम लोगों को पता ही नहीं था कौन-कौन हैं। लेकिन आज जो हिन्दुस्तान से आ रहे हैं क्योंकि आल डिज़ इंडियन चैनल वगैरह एवेलिबल होने की वजह से, हिन्दुस्तान से जो आता है वह एक तो अमेरिका के बारे में पहले ही काफ़ी जानता है और अपने भारत की कोई चीज़ छोड़ने की ज़रूरत नहीं होती। क्योंकि वह जो सारी सोप आपेराज़ जो सारी वुमन वाट्स करती थीं, जो कुछ |

भी वहाँ करते थे अब यहाँ भी कर सकते हैं क्योंकि इंडियन चैनल की वजह से। हम लोगों का ऐसा काट आफ़ हो गया था कि एक चीज़ छोड़कर दूसरे में आये और अब वापस हम लोग बड़े गैप के बाद दोबारा उसी संस्कृति की ओर वापस जा रहे हैं।

## Vocabulary List 1



| Hindi | English |
|---|---|
| बीच में | In the middle |
| इतना लम्बा | That long |
| गैप हो गया था | Gap was created |
| कौन कौन से | Which one |
| बड़े-बड़े अभिनेता | Big actors |
| अभिनेत्रियाँ | Actresses |
| अपने को | Myself |
| नाम तक | Not even name |
| नहीं पता | Don’t know |
| आज जो | Today whoever |
| आल डिज़ | All these |
| इंडियन चैनल | Indian channels |
| वगैरह | Etc. |
| एवेलिबल होना | To be available |
| की वजह से | Because of |
| पहले ही | Already |
| काफ़ी | Enough |
| कोई चीज़ | Anything |
| छोड़ने की ज़रूरत | No need to leave |

| | |
|---|---|
| सारी सोप आपेराज़ | All soap operas |
| जो | That |
| सारी वुमन | All the women |
| जो कुछ भी | Whatever |
| अब यहाँ भी | Over here too |
| ऐसा काट आफ़ | Such cut off |
| काट आफ़ हो गया था | Was cut off |
| एक चीज़ छोड़कर | Leaving behind one thing |
| दूसरे में आये | Came to the other |
| बड़े गैप के बाद | After a big gap |
| दोबारा | Again, second time |
| उसी संस्कृति | The same culture |
| की ओर | Towards |
| वापस जा रहे हैं | Going back |

**Activity 5: Create Your Own Sentences**

**Instruction:** Create your own Hindi sentences in past tense by using the following Hindi fragments. Remember to use **ने** with the subject whenever it is necessary.

**Vocabulary List 2**



| Hindi | Sentences |
|---|---|
| इतना लम्बा | |
| गैप हो गया | |
| नाम तक | |
| नहीं पता | |

| | |
|---|---|
| होने की वजह से | |
| के बारे में | |
| छोड़ने की ज़रूरत | |
| एक चीज़ छोड़कर | |
| वापस जाना | |
| बड़े गैप के बाद | |
| अब वापस | |
| की ओर | |

**<u>Activity 6:</u> Choose the Correct Answer**
**<u>Instructions:</u>** Read the following comprehensive questions and find out the correct answers from the followings.

1. "बीच में इतना लम्बा आइवा में रहकर के गैप हो गया था हमारा"- कथन का तात्पर्य है:
   क- मदन जी और मीरा जी के पारिवारिक सम्बन्धों के संघर्ष।
   ख- आइवा और नार्थ केरोलाइना के बीच का सामाजिक परिवर्तन।
   ग- भारतीय संस्कृति और उनके बीच की दूरियाँ।
   घ- भारतीय संस्कृति के प्रति उनके बच्चों का लगाव।

2. "कौन कौन से बड़े-बड़े अभिनेता और अभिनेत्रियाँ आयी, अपने को नाम तक नहीं पता" का मतलब है:
   क- उनको भारतीय कलाकारों की सारी जानकारियाँ नहीं थी।
   ख- उन दोनों को बालीवूड के प्रसिद्ध कलाकारों की जानकारियाँ नहीं थी।
   ग- वर्तमान के भारतीय राजनेताओं के बारे में सारी जानकारियाँ थीं।

घ- सारे प्रवासी भारतीय देश के प्रसिद्ध व्यक्तियों को याद नहीं रखना चाहते ।

3. “अपने को नाम तक नहीं पता” मीरा जी किस विषय की जानकारी के बारे में बता रही हैं ?
   क- विदेशी गाड़ियों के नाम
   ख- हिन्दूस्तानी के पिछड़े हुये जनजाति के बारे में
   ग- भारत के प्रमुख राजनेताओं के नाम
   घ- बालीवूड के प्रमुख कलाकारों के नाम

4. “भारत की कोई चीज़ छोड़ने की ज़रूरत नहीं होती ।” आजकल अमरीका आये हुये भारतीय लोगों को भारत की कोई चीज़ छोड़ने की ज़रूरत क्यों नहीं होती ।
   क- भारतीय लोग पहले से बहुत ज्यादा सचैत हो गये हैं ।
   ख- राजनैताओं के दबाव के कारण लोग ऐसा नहीं कर पा रहे हैं ।
   ग- इंडियन चैनल वगैरह एवेलेबल होने की वजह से ।
   घ- इंडियन दुकानों की संख्या बढ़ने की वजह से ।

5. “एक चीज़ छोड़कर दूसरे में आये” कहने का तात्पर्य क्या है ?
   क- अमरीका आने से पहले अपनी पुस्तेनी सम्पतियों को छोड़ना पड़ा था ।
   ख- भारतीय भाषा-संस्कृति को छोड़कर अमरीका की भाषा-संस्कृति को अपनाना पड़ा ।
   ग- भारतीय पड़ोसियों को छोड़कर अमरीका के नये पड़ोसियों से सम्बंध स्थापित करना ।
   घ- भारतीय परिवारों से दूर आकर एक नया परिवार बनाना पड़ा ।

**<u>Activity 7:</u> Watch and Listen**

**<u>Instruction:</u>** Listen to the following dialogues of Meera Ji and fill in the blanks with appropriate conjugated grammatical forms accoring to the tense. Main Hindi verb is given the the bracket.

YouTube video: https://www.youtube.com/watch?v=5i7pJoXIxkQ

**Time:** 5:49- 7:14

सवाल: आजकल हिन्दी फिल्मों में भाषा को लेकर, कपड़ों को लेकर जो --------------------- (बदलाव आना) है उस पर आपका क्या विचार है ?
मीरा: उस ज़माने में साड़ियों का स्टाइल और गहनों का देखने के लिये लोग मूवी में ---------- (जाते थे) कि ऐसी साड़ी और अब तो हिन्दी मूवीज़ में नायिका ने साड़ी ------------- (पहनना) है यह देखने तक को नहीं ------------- (मिलना)। लेकिन बदलना तो नैचर का नैचर है। प्रकृति ही ऐसी है कि चीज़ जो भी है वह ------------- (बदलना)। इसलिये कि बदलने का कोई दुख करने की बात नहीं है, आनली हम लोग यह -------------------- (कह सकना) हैं कि अब यह बदलाव हम ----------------- (देखना) हैं। देख रहे हैं मतलब इसमें बुराई है ऐसी बात नहीं लेकिन यह --------------------(बदलाव होना) है। क्योंकि बदलना तो प्रकृति का नैचर है। जब शादी होकर के ---------------- (जाना) रूड़की तो वहाँ की भाषा और वहाँवाले सबसे अधिक --------------------- (नोटिस करना) थे मेरे बारे में कि “कितनी शुद्ध हिन्दी बोलती हूँ” और अब हमें चालीस बरस में ऐसी -------------------- (आदत हो जाना) है कि बीच-बीच में हिन्दी के शब्द ही ----------------------------- (याद नहीं आना) कि कौन से शब्द हैं। अब हिंगलिश -------------------- (हो जाना) है।

**Activity 8: Translate into English**
**Instructions:** Listen to the following vocabulary list and translate the next paragraph into English.

**Vocabulary List 3**



| Hindi | English |
|---|---|
| आजकल | Now a days |
| हिन्दी फिल्मों में | In the Hindi Films |
| भाषा को लेकर | Over language |
| कपड़ों को लेकर | About clothing |
| बदलाव आया है | Changing |
| विचार | Idea |
| उस ज़माने में | In that period of time |
| साड़ियों का स्टाइल | Style of sarees |
| और अब तो | And now |
| देखने तक | Not even to see |
| नैचर का नैचर | Nature of the nature |
| चीज़ जो भी है | Whatever the thing is |
| ऐसी बात नहीं | No such thing |
| वहाँ की भाषा | There's language |
| सबसे अधिक | Most |
| कितनी शुद्ध हिन्दी | So much pure Hindi |
| ऐसी आदत हो गयी है | Such a habit |
| बीच-बीच में | In between |
| हिन्दी के शब्द ही | Even Hindi words |
| हिंगलिश हो गयी है | Becoming Hinglish |

सवाल: आजकल हिन्दी फिल्मों में भाषा को लेकर, कपड़ों को लेकर जो बदलाव आया है उस पर आपका क्या विचार है ?
मीरा: उस ज़माने में साड़ियों का स्टाइल और गहनों का देखने के लिये लोग मूवी में जाते थे कि ऐसी साड़ी और अब तो हिन्दी मूवीज़ में नायिका ने साड़ी पहनी है यह देखने तक को नहीं मिलता। लेकिन बदलना तो नैचर का नैचर है। प्रकृति ही ऐसी है कि चीज़ जो भी है वह बदलेगा। इसलिये कि बदलने का कोई दुख करने की बात नहीं है, आनली हम लोग यह कह सकते हैं कि अब यह बदलाव हम देख रहे हैं। देख

रहे हैं मतलब इसमें बुराई है ऐसी बात नहीं लेकिन यह बदलाव हुआ है। क्योंकि बदलना तो प्रकृति का नैचर है। जब शादी होकर के गयी रूड़की तो वहाँ की भाषा और वहाँवाले सबसे अधिक करते थे मेरे बारे में कि “कितनी शुद्ध हिन्दी बोलती हूँ” और अब हमें चालीस बरस में ऐसी आदत हो गयी है कि बीच-बीच में हिन्दी के शब्द ही याद नहीं आते कि कौन से शब्द हैं। अब हिंगलिश हो गयी है।

**<u>Activity 9:</u> Describe and Identify**

**<u>Instructions:</u>** Divide the students into groups of four. Three students will describe about the following words/topics to give clues and the other student will identify the correct word/topic.

For example:

| Three Student | One Student |
| --- | --- |
| जो भाषा हम सब सीख रहे हैं, यह चीज़ उसी भाषा में बनती है। यह खासकर भारत में बनती है और आजकल पूरे विश्व में यह दिखाई जा रही है। हमने कलास में बहुत सारे इसके गाने देखे हैं और इस बार हम सारे कलास के बच्चे इकट्ठे हाल में यही एक देखने जायेंगे। | **हिन्दी फिल्म** |

| | | | |
| --- | --- | --- | --- |
| **साड़ियाँ** | **प्रकृति** | **शादी** | **शुद्ध** |
| **आदत** | **अधिक** | **शब्द** | **बदलना** |

**<u>Activity 10:</u> Research About It**

**<u>Instructions:</u>** Research on your own about the following topics and present a report to the class.

क - बालीवूड फ़िल्मों में आने से पहले शाहरूख ख़ान का जीवन।
ख - धीरूभाई अंबानी और रिलायंस उद्योग की उन्नति।
ग - विजय मल्या के खिलाफ़ भारत सरकार का व्यवहार।
घ - विश्व बॉक्सिंग चैंपियन मैरी कॉम के जीवन का संघर्ष।